# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 7 मई 2024


# सरकारी गाड़ी से मौत, नहीं दिया मुआवजा, कोर्ट ने डीएफओ दफ्तर किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

तीन साल पहले 2021 में वन विभाग की सरकारी गाड़ी से एक व्यक्ति के मौत के प्रकरण में न्यायालय ने 1 करोड़ 82 लाख रुपए मृतक के परिवार को नहीं देने के कारण 6 मई को शहर के डीएफओ आफिस को सील कर दिया है। न्यायालय के कर्मचारी आज डीएफओ कार्यालय पहुंचे और अधिकारी के कक्ष पर ताला जड़ दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक वन विभाग के वाहन से कमल कश्यप निवासी सोनारपाल थाना भानपुरी का एक्सीडेंट हुआ जिसमें कमल की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिवार ने वन विभाग पर मुआवजा देने कोर्ट में मामला दाखिल किया। वहीं पीड़ित पक्ष की तरफ से जगदलपुर के एक अधिवक्ता ने पैरवी की जिसके तहत तृतीय अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश संघरतना भतपहरी ने विभाग के प्राधिकृत अधिकारी वनमंडलाधिकारी को मृतक के परिवार को 1,82,16,345 की राशि मुआवजे के रूप में देने आदेश किया था। जिसके बाद भी विभाग ने उक्त राशि का भुगतान मृतक के परिवार को नहीं किया। जिसके चलते कोर्ट ने प्राधिकृत अधिकारी की सम्पत्ति की कुर्की करने का आदेश दिया। वहीं आदेश के मुताबिक न्यायालय के कर्मचारी कुर्क करने पहुंचे।

## एक साल पहले मृतक के परिजन को 1 करोड़ 82 लाख देने का हुआ था आदेश

### हाईकोर्ट में अपील, 3 दिन पहले सील

इस संबंध में मध्य बस्तर वन मंडल के डीएफओ उत्तम गुप्ता ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि 3 साल पहले 2021 में सरकारी गाड़ी से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पिछले मई 2023 में 1 करोड़ 82 लाख मृतक के परिवार को देने कोर्ट ने आदेश किया था। विधि विभाग से अनुमति के बाद हाईकोर्ट में समय देने के लिए अपील की गई है। क्योंकि विधानसभा और लोकसभा चुनाव तथा आचार संहिता लगने के कारण राशि देने में विलंब हुआ। हमने भुगतान का प्रयास भी किया था लेकिन चुनाव के चलते देरी हुई। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने 9 मई 2024 का समय तय किया था। लेकिन 3 दिन पहले 6 मई को ही कुर्की आदेश लेकर न्यायालय के कर्मचारी पहुंच गए और दफ्तर को सील कर दिया। अब इस संबंध में फिर से न्यायालय जाएंगे।




inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## छत्तीसगढ़ में भी गड़बड़ी, बालोद कलेक्टर बोले- होगी जांच

# नीट में चूक का शक, बांट दिया गलत पेपर, गुस्साए छात्र ने छोड़ा एग्जाम हॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी की परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान अलग-अलग जगह से कई गड़बड़ी की खबर सामने आईं। छत्तीसगढ़ के बालोद के अलावा राजस्थान में हिंदी माध्यम वाले परीक्षार्थियों को अंग्रेजी मीडियम और इंग्लिश माध्यम वालों को हिंदी मीडियम का पेपर बांटा गया। इसके साथ ही कुछ स्थान पर पेपर लीक की भी खबर है।*

राजस्थान के सवाई माधोपुर के आदर्श विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों ने आपत्ति दर्ज करते हुए प्रश्नपत्र लेकर परीक्षा केंद्र से बाहर चले गए। यहां हिंदी के छात्रों को अंग्रेजी और अंग्रेजी के छात्रों को हिंदी का प्रश्नपत्र दिया गया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई संबंध नहीं है।

## हिंदी माध्यम को अंग्रेजी और अंग्रेजी माध्यम को दिया हिंदी का प्रश्न पत्र

### बिहार में नौ साल्वर गिरफ्तार

इधर, बिहार में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 9 लोग गिरफ्तार किए गए। पटना पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 मेडिकल छात्र हैं। वहीं, पूर्णिया से भी 4 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सभी मेडिकल छात्र हैं। महाराष्ट्र के नवी मुंबई से भी एक डमी फर्जी अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी हुई है।







**भरतपुर में भी पकड़े गए 'मुन्नाभाई'** :राजस्थान के एक और एग्जाम सेंटर से गड़बड़ी की सामने आई। यहां भरतपुर जिले में एक डमी कैंडिडेट को परीक्षा देते पकड़ा गया है। जिले के एएसपी ने बताया कि एक स्कूल में एक अभ्यर्थी की जगह पर एक डॉक्टर को परीक्षा देते पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उसके साथ 4-5 लोग हैं।

### 24 लाख से अधिक अभ्यर्थी

इस वर्ष, राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 10 लाख से अधिक लड़के, 13 लाख से अधिक लड़कियां और 24 छात्र तृतीय लिंग श्रेणी के तहत पंजीकृत थे। पिछले साल, कुल 20,87,449 अभ्यर्थियों ने नीट-स्नातक के लिए पंजीकरण कराया था और परीक्षा सात मई को आयोजित की गई थी। परीक्षा में 97.7 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई थी।

## त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री ने किया खुलासा

# टी20 वर्ल्ड कप में होगा आतंकी हमला, धमकी

एजेंसी ▶▶| पोर्ट आफ स्पेन

वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है। त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं। मीडिया रपटों के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है।



वेस्टइंडीज और अमेरिका में एक जून से मैच, भारत समेत 20 टीमें लेंगी भाग

### आईसीसी बोला- सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, टूर्नामेंट में हर किसी की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए व्यापक तथा मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है। इसने कहा, हम मेजबान देश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं । किसी भी तरह के जोखिम से निपटने के लिये सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### जीएसटी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस मिश्रा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के पहले अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ दिलाई। उनका चयन देश के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खोज-सह-चयन समिति ने किया है।



### आदर्श संहिता उल्लंघन उमर अंसारी को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवंगत गैंगस्टर-नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान दर्ज एक आपराधिक मामले में सोमवार को जमानत दे दी। यह मामला आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन का है।



### मिनी बस और कार की भिड़ंत में चार की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र में सोमवार को एक मिनी बस और कार की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 20 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा सुबह थली गांव के पास उस समय हुआ, जब सिंघाना से बुहाना जा रही मिनी बस सामने से आ रही एक कार से टकरा गई।



### पुलिस ने नौ आईईडी विस्फोटक को किया नष्ट

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एक पहाड़ी इलाके में पुलिस ने सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए नौ आईईडी और अन्य विस्फोटक सामग्रियों को नष्ट कर दिया। पुलिस को टीपागड क्षेत्र में विस्फोटकों के बारे में सूचना मिली थी।



# केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश, आप ने बताया साजिश

## खालिस्तान समर्थकों से धन लेने का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। राजनिवास के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एनआईए जांच की सिफारिश भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उपराज्यपाल सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी।



### पन्नू द्वारा जारी किया गया कथित वीडियो

सूत्रों ने कहा कि शिकायत खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा जारी किए गए एक वीडियो से संबंधित है, जिसमें उसने आरोप लगाया कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को 2014 और 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। उपराज्यपाल को दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है।

## ईसी ने कहा-तीन घंटे के भीतर हटाएं फर्जी पोस्ट

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे अपने सोशल मीडिया खातों से फर्जी सामग्री को संज्ञान में आने के तीन घंटे के भीतर हटा दें। यह निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए जारी किए गए निर्देशों का हिस्सा है। हाल में, कुछ सोशल मीडिया हैंडल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अभिनेता आमिर खान तथा रणवीर सिंह के 'डीपफेक' वीडियो पोस्ट किए गए थे और इस संबंध में आपराधिक शिकायतें दर्ज की गई थीं। निर्वाचन आयोग ने सूचनाओं को विकृत करने या गलत सूचना का प्रचार करने वाले 'डीपफेक' बनाने के लिए राजनीतिक दलों को चेतावनी दी ।

■ राजनीतिक दलों को निर्देश

## हरीश गुप्ता बनाए गए आंध्र के नए डीजीपी

**अमरावती।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को हरीश कुमार गुप्ता को आंध्र प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया। आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एम.एन. हरेंधीरा प्रसाद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आयोग ने के.वी. राजेंद्रनाथ रेड्डी के स्थान पर गुप्ता को पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। आयोग ने 1992 बैच के आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी गुप्ता को तुरंत कार्यभार संभालने और इस बाबत एक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इससे पहले आयोग ने अनंतपुर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) आर एन अम्मी रेड्डी का तबादला कर दिया था। अम्मी रेड्डी का तबादला आयोग द्वारा राज्य में पुलिस महानिदेशक रेड्डी का तबादला करने के 24 घंटे के भीतर किया गया है।

■ निर्वाचन आयोग ने दी नियुक्ति

## तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की सीमा पर मतदान की ऐसी तैयारी

# 170 किमी का लंबा सफर तय कर चुनचुना पुंदाग पहुंचा दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को मतदान सामग्री के साथ मतदान कर्मियों को अलग-अलग वाहनों से रवाना किया गया। जिला मुख्यालय अम्बिकापुर, बलरामपुर एवं सूरजपुर से सबसे पहले दूरस्थ क्षेत्र के मतदान दलों को रवाना किया गया। दोपहर 2 बजे के बाद मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्र में पहुंच गए हैं। दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदानकर्मी शाम 6 बजे पहुंचे। सरगुजा संसदीय चुनाव के लिए सोमवार को जिला मुख्यालयों से मतदान दलों को रवाना किया गया। दूरस्थ क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के लिए अलग-अलग वाहनों की व्यवस्था की गई थी। बलरामपुर जिलान्तर्गत पहाड़ी पर बसे दूरस्थ चुनचुना पुंदाग मतदान केन्द्र में 170 किमी का सफर कर मतदान दल शाम 3.30 बजे पहुंचा। इसी तरह झारखण्ड प्रांत के सीमावर्ती दूरस्थ मतदान केन्द्र कमलापुर, सोनपुर, सबाग, करौंदा एवं कमलापुर में मतदानकर्मियों के अपराह्न 3.30 से 4 बजे के बीच पहुंचने की सूचना है।

## 150 और 135 किलोमीटर की यात्रा



सूरजपुर के सीमावर्ती रसौकी मतदान केन्द्र में मतदान दल बस से 150 किमी एवं बीहड़ों के बीच बसे लुल्ह मतदान केन्द्र में 135 किमी सफर तय कर शाम 5 बजे पहुंचा। मतदान केंद्र में पहुंचने के बाद मतदान कर्मियों ने सबसे पहले मंगलवार को सुबह 7 बजे से होने वाले मतदान की तैयारियां की। प्रशासन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों में बिजली, पानी एवं छाया की व्यवस्था की गई है।




6-MAY- CORIYA -BHOOMI-PG-2_Layout 1 5/6/2024 8:38 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### युवक की अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

**कोरबा।** एक युवक अपने साथियों के साथ चार फल तोड़ने के लिए जंगल गया हुआ था। जहां से वापस लौटने के दौरान अचानक तबियत बिगड़ी और उसे आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि संभवत अत्याधिक धूप में घूमने की वजह से उसकी तबीयत बिगड़ी थी जिससे उसकी मौत हुई होगी। मामला बांगो थाना क्षेत्र के लालपुर खिर्री आमा निवासी गणेश उरांव 32 वर्ष पिता स्व बुधराम उरावं अपने साथियों के साथ चार फल तोड़ने के लिए पास के जंगल में गया हुआ था जहां से वापस लौट के दौरान गणेशाराम उरांव की तबीयत बिगड़ी और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### अनाचार के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक 14 वर्षीय नाबालिक किशोरी के साथ एमपी नगर में निवास करने वाले राजकमल चौरसिया उम्र 19 वर्ष पिता सूर्यभान चौरसिया द्वारा उससे बातचीत जान-पहचान मिलना जुलना था जिससे किशोरी को पार्क में मिलने के लिए बुलाया और उसे कोरबा घुमाने के बहाने मोटरसायकल में बैठाकर अपने घर ले जाकर उसके साथ अनाचार किया और किशोरी को मोटर सायकल में बैठाकर वापस उसके घर छोड़ दिया, जिसे किशोरी के भाई के द्वारा देख लेने पर घटना के बारे में पूछताछ किये जाने पर घटना जानकारी दी जिस पर घटना की रिपोर्ट थाना दर्री में आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया गया था। जिसकी विवेचना उपरांत धारा 376 भादिव एवं 4 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोगपत्र माननीय न्यायालय श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पॉक्सो) कटघोरा में प्रस्तुत किया गया। जहां माननीय न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात आरोपी राजकमल चौरसिया के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे धारा 376, 4 पाक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास व 1000 रुपए से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश जायसवाल द्वारा पैरवी की गई है।

### चिकित्सक के ऊपर चाय उड़ेलने वाली मेट्रन बर्खास्त

**कोरबा।** एसईसीएल द्वारा प्रगति नगर डिस्पेंसरी में पदस्थ मेट्रन दीपा दास को अभद्रता से संबंधित एक मामले में आखिरकार बर्खास्त कर दिया गया। दो वर्ष पुराने इस मामले की प्रबंधन द्वारा जांच की जा रही थी। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि जांच में सभी तथ्य मेट्रन के विरुद्ध मिले हैं, इसलिए नियम के अनुसार यह निर्णय लिया गया। एसईसीएल दीपका क्षेत्र के प्रगति नगर में कंपनी की विभागीय डिस्पेंसरी संचालित है। यहां 17 जुलाई 2021 को उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी यूपी सिंह के साथ मेट्रन दीपा का किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। तब चाय देने के बहाने दीपा ने चिकित्सक के ऊपर चाय उड़ेल दी। इसके बाद मौके पर अभद्र व्यवहार किया। इससे वहां स्थिति खराब हो गई। डॉ. यूपी सिंह द्वारा इस बारे में प्रबंधन से शिकायत की गई थी। इस पर प्रबंधन ने कर्मचारी को नोटिस देते हुए जवाब देने को कहा था। 30 जुलाई को जारी किए गए नोटिस के परिपेक्ष में कर्मी की ओर से दिया गया उत्तर असंतोषजनक पाया गया। इस मामले में जांच आगे बढ़ाते हुए 54 बार बैठक की गई। इस दौरान 34 बार कर्मचारी की निवेदन पर मामले की तारीख आगे बढ़ाई गई। इन सबके बावजूद वह अपनी पक्ष में कोई ठोस प्रमाण नहीं रख सकी। इस पर दीपका क्षेत्र के उप महाप्रबंधक संचालन ने मामले को गंभीर श्रेणी का पाते हुए दीपा दास को सेवा नियम का हवाला देते हुए बर्खास्त कर दिया।

### खनिकों के लिए रोजाना 400 लीटर ठंडे आरओ पेयजल की सप्लाई

**कोरबा।** भीषण गर्मी को देखते हुए एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र प्रबंधन ने खनिक कल्याण की दिशा में एक नयी पहल करते हुए खदान में अंदर तक ठंडा आरओ पेयजल पहुंचाने का निर्णय लिया है।

# बांगो जाने के लिए इस साल भी पर्यटकों को तय करनी पड़ेगी लंबी दूरी

**जल संसाधन विभाग ने पुराने ठेकेदार का काम निरस्त कर बुलाया था नया टेंडर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध तक पहुंचने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा पोड़ी से बांगो के बीच सड़क बनाने के लिए लंबे समय से प्रयास किया जा रहा है लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक यह मार्ग आम लोगों के लिए सुलभ नहीं हो पाया है। 3 करोड़ की लागत से बनने वाले इस मार्ग के लिए विभाग ने फिर से टेंडर की प्रक्रिया की थी लेकिन एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। बताया जाता है। अधिक दर पर टेंडर डालने की वजह से ठेका फिर से निरस्त होने की संभावना है जिससे ऐसा लग रहा है कि इस साल भी यह मार्ग बन पाना मुश्किल ही नजर आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर प्रदेश का सबसे बड़ा बांध बांगो बांध है। जिसके पानी से प्रदेश के कई जिलों के विद्युत संयंत्र संचालित होते हैं तो वहीं दूसरी ओर कई जिलों के किसानों के खेती किसानी का काम होता है इसलिए बांध कितना महत्वपूर्ण है यह सहज ही समझा जा सकता है। वहीं बारिश के समय जब बांगो बांध के इलाके में लगातार पानी आने का सिलसिला शुरू होता है तो बांगो बांध के पानी को कंट्रोल करने के लिए बांगो बांध के गेट खोले जाते हैं। जिसके नजारे को कैमरे में कैद करने के लिए व पर्यटक का मजा लेने के लिए दूर-दूर से प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग यहां आते हैं लेकिन पोड़ी से बांगो के बीच की दूरी लगभग 6 किलोमीटर है इस 6 किलोमीटर की सड़क बनाने के लिए जल संसाधन विभाग प्रयास में लगा हुआ था लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। 3 साल पूर्व विभाग ने ठेकेदार को सड़क बनाने का काम तो दे दिया था लेकिन ठेकेदार ने बीच रास्ते में ही काम बंद कर दिया था जिसके चलते विभाग द्वारा पुनः टेंडर किया गया था।

जिसके लिए अंबिकापुर की एक ठेका कंपनी ने लगभग 19 प्रतिशत अधिक दर पर टेंडर भरा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है और सिंगल ठेकेदार व अधिक दर पर टेंडर भरने की वजह से ठेका निरस्त हो सकता है। जिससे ऐसा लग रहा है कि इस मार्ग बनने का रास्ता प्रशस्त नहीं हो पा रहा है। वर्षा ऋतु आने में महज एक महीना ही शेष है ऐसे में यह रास्ता बन पाना संभव नजर नहीं आ रहा है। पर्यटकों को बांगो डेम के नजारे को कैद करने के लिए फिर से लंबी दौड़ गुरसिया के रास्ते जाना पड़ेगा।

**खास बातें**

- पोड़ी बांगों को बीच 6 किलोमीटर के बीच बनेगी सड़क, अधिक दर में भरा गया टेंडर



**पीडब्ल्यूडी ने स्टीमेट को स्वीकृति के लिए भेजा शासन को**

# पुरातत्व संग्रहालय भवन का बदलेगा स्वरुप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिले के पुरातत्व संपदा को संग्रहित कर बनाए गए संग्राहलय भवन का अब स्वरुप बदलने जा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने नए स्वरुप के स्टीमेट को तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा है। स्वीकृति पश्चात संग्रहालय भवन की तस्वीर बदलने का कार्य विभाग के द्वारा किया जाएगा। वर्तमान में भवन मरम्मत की बाट जोह रहा है। वहीं सामान भ सुरक्षित नहीं है।

घंटाघर में बनाए गए पुरातत्व संग्रहालय भवन के निर्माण के बाद से न तो उसके जीर्णोद्वार का कार्य हुआ और न ही उसके रंग रोगन के कार्य किए गए। उक्त पुराने भवन में ही पुरातत्व संग्रहालय संचालित किया जाने लगा। बिना रंग रोगन और जीर्णोद्वारा की बाट जोहने वाला संग्रहालय का भवन स्वयं एक जर्जर भवन जैसा नजर आ रहा था। बारिश में छत से सीपेज होता पानी, दीवारों में दरारे भवन की पहचान बन चुकी थी। जनवरी माह में भवन के नए स्वरुप के कार्ययोजना तैयार करते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने लोक निर्माण विभाग को संग्रहालय भवन को नए कलेवर देने की जिम्मेदारी दी। अनुविभागीय अधिकारी राम नरेश दुबे और दो उप अभियंताओं की टीम ने भवन का अवलोकन किया और नए कलेवर देने की रुपरेखा तैयार की। पीडब्ल्यूडी जैसे जैसे संग्रहालय भवन का अवलोकन करते आ रही थी उस दौरान उसे पूरा भवन ही जर्जर आने लगा था। एसडीओ राम नरेश दुबे सहित दो उप अभियंताओं की टीम ने भवन का बारिकी से निरीक्षण कर जब उसका स्टीमेट तैयार किया तो 60 लाख से अधिक पहुंचा। जिससे कलेक्टर को अवगत कराने के बाद बड़ा बजट होने के कारण इसे स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजा गया है।

**कर्मचारियों का मोहताज है भवन**

संग्रहालय भवन की सुरक्षा का अंदाजा इसी बात से ही लगाया जा सकता है कि एक वर्ष पूर्व कुछ पुरातत्व सामग्रियां चोरी चली गई थी। जिसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज करवाने के बाद पुलिस ने कार्यवाही कर आरोपी को तो पकड़ लिया किंतु चोरी गई सामग्रियां अभी संग्रहालय को वापस नहीं की गई है। पूरा भवन कर्मचारियों का मोहताज है। महज एक मागदर्शक के भरोसे संग्रहालय भवन संचालित हो रहा है। सफाई व्यवस्था भी व्यवस्थित नहीं है, कर्मचारियों की व्यवस्था नहीं होने का नतीजा है कि संग्रहालय भवन स्वयं एक पुराने जर्जर भवन जैसे नजर आता है। दूर से देखने में एक भवन ही नजर आता है जिसे देखकर अंदाजा लगाना ही मुश्किल होता है कि इस भवन में कोई संग्रहालय भी संचालित है।

**स्टीमेट तैयार कर लिया गया**

संग्रहालय भवन काफी जगह से जर्जर है। इसे नए स्वरुप देने में एक बड़े बजट की राशि खर्च हो रही है। जिसका स्टीमेट तैयार कर लिया गया है। स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। स्वीकृति पश्चात इसपर आगे कार्य होगा।
**-रामनरेश दुबे**, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग

# एमएमडीआर एक्ट से करतला के नार्थ साउथ कोल ब्लॉक में होगा कोयला खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के बाद 9 वें दौर की बोली में शामिल देश के 27 कोल ब्लॉकों का आवंटन होगा।

**खास बातें**

- चुनाव परिणाम के बाद कोल ब्लाक आबंटन प्रक्रिया होगी शुरू
- सालाना कोयला उत्पादन का लक्ष्य तय कर की जाएगी नीलामी

आचार संहिता के कारण आवंटन में देरी हुई है। जिले के करतला के साउथ व नार्थ कोल ब्लॉक के अलावा 8 कोल ब्लॉक भी शामिल है, जिसे कोल माइंस स्पेशल प्रोविशंस (सीएमएसपी) और माइंस एंड मिनरल्स डेवलपमेंट रेगुलेशन एक्ट से निजी कंपनियों को आवंटित कर कोयला खनन की अनुमति देने की है।

उद्योगों की कोयला जरूरतें आयातित कोयले से पूरी की जाती है। कोयला के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से कैप्टिव व कमर्शियल माइनिंग से कोयला खनन को अनुमति दी जा चुकी है। इसके तहत अब देश के कोल ब्लॉकों को सालाना कोयला उत्पादन का लक्ष्य तय कर निजी कंपनियों को कोयला खनन करने दे रहे हैं। 8 वें दौर की बोली में छत्तीसगढ़ के एक भी कोल ब्लॉक को शामिल नहीं किया था। मगर 9 वें दौर के कोल ब्लॉक की सूची में छत्तीसगढ़ के 8 कोल ब्लॉकों में करतला के नार्थ व साउथ कोल ब्लॉक भी शामिल किए हैं। ब्लॉकों का आवंटन अब चुनाव निपटने के बाद ही हो पाएगा। करतला के नार्थ व साउथ कोल ब्लॉक एमएमडीआर एक्ट से कोयला खनन करने प्राइवेट कंपनी को दी जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आने के बाद चुनाव आचार संहिता हटने के बाद कोल ब्लॉकों के आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। यह दूसरा अवसर, जब नीलामी की पेशकश यह दूसरा अवसर है जब कोयला मंत्रालय ने नीलामी के लिए करतला कोल ब्लॉक की पेशकश की है।

# रावा घाट पर नहीं चढ़ पाई पिकअप, अनियंत्रित होकर पलटी, दो की मौत, आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पिकअप वाहन में लगभग एक दर्जन लोग सवार होकर साप्ताहिक बाजार के लिए जा रहे थे कि घाट में पिकअप वाहन चढ़ नहीं पाई और अनियंत्रित होकर लुढ़कते हुए पलट गई। इस हादसे में पिकअप वाहन में दबने से दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया है। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने इस मामले में चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले अजय अग्रवाल अपने पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 4519 में सवार होकर राशन सामान सहित लगभग एक दर्जन लोगों को लेकर हमेशा की तरह साप्ताहिक बाजार के लिए पहाड़ गांव के लिए रवाना हुए थे। बताया जाता है कि दोपहर लगभग 12 बजे उक्त पिकअप वाहन जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रावा घाट पर पहुंची थी कि पिकअप वाहन घाट में नहीं चढ़ नहीं पाई और अनियंत्रित होते हुए सीधे पीछे लुढ़कते हुए गड्ढे में जा गिरी और पिकअप में दबने से तुमान निवासी सोभनाथ धोबी 50 वर्ष पिता रामचरण धोबी, पुरानी बस्ती कटघोरा निवासी ओम प्रकाश जायसवाल 45 वर्ष पिता अवनीश जायसवाल की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को आनन फानन में उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया है।

**खास बात**

- साप्ताहिक बाजार के लिए सामान लेकर पहाड़गांव जा रहे थे सभी लोग



खाईं में पलटी पिकअप।

**हाईवा की टक्कर से मासूम की मौत**

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरिया निवासी इंदर सिंह आयाम ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 4 मई की सुबह लगभग 6:30 बजे के लगभग इसके बड़साला की पुत्री कु एकता ध्रुव जो बचपन से इंदर आयाम के पास रहती है और उसका पुत्र निश्गंत सिंह के साथ सायकल से मर्निंग वक पर सीपत पारा रोड तरफ गए हुए थे। सुबह करीब 7 बजे ग्राम समलई सीपत पारा रोड में हाईवे क्रमांक सीजी 31 बी 1762 के चालक ने अपनी वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे कु एकता ध्रुव की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाईवा के चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**मतदान के लिए जा रहे थे गांव, हादसे के शिकार, एक की मौत, दो घायल**

एक निजी कंपनी में डेंटिंग पेंटिंग का काम करने वाले दो सगे भाई सहित कुल तीन लोग मोटरसाइकिल में सवार होकर लोकसभा चुनाव में मतदान में सहभागिता निभाने के लिए अपने गृह ग्राम के लिए रवाना हुए थे कि बीच रास्ते में मवेशी को बचाने के फेर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो और मवेशी से जा टकराया। जिससे हादसे में एक की मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल है जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार जिला बिलासपुर परसाही निवासी रूपेश कुर्रे 25 वर्ष पिता राम अवतार कुर्रे व उसका भाई कमलेश कुर्रे 32 वर्ष पिता रामावतार व उसी गांव में निवास करने वाले शैलेंद्र 18 वर्ष पिता जयप्रकाश अंगारे पड़ोसी जिले सूरजपुर में एक निजी कंपनी में डेंटिंग पेंटिंग का काम करते हैं। बताया जाता है कि तीनों युवक मोटरसाइकिल में सवार होकर लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए सूरजपुर जिले से परसाई अपने गृहग्राम जा रहे थे कि बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरसिया के समीप पहुंचे थे कि उनके बाइक के सामने अचानक मवेशी आ गई मवेशी को बचाने के चक्कर में बाइक नियंत्रित हो गई और तीनों मोटरसाइकिल से सीधे नीचे गिर पड़े। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने रूपेश कुर्रे को मृत घोषित कर दिया जबकि कमलेश व शैलेंद्र घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जहां-तहां डंप कर रहे राखड़, बेल्हाडीह के ग्रामीणों ने खिलाफ में खोला मोर्चा

**बेल्हाडीह-लवसरा।** ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के ग्रामीणों ने गांव में डंप हो रहे राखड़ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण के साथ कलेक्टर एवं एसडीएम को भी पत्र भेजा गया है। पत्र के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर द्वारा राखड़ के भराव हेतु की गई अनापत्ति को तत्काल निरस्त करने तथा उक्त स्थल को पिकनिक स्पॉट बनाए जाने की मांग की गई है।

ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर के द्वारा ग्राम पंचायत बेल्हाडीह तहसील नया बाराद्वार में फ्लाई एश राखड़ निपटान किए जाने की अनापत्ति जारी की गई है। इसके आड़ में उद्योगों द्वारा फ्लाई ऐश को पाटने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। जबकि क्षेत्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी सक्ती एवं कलेक्टर सक्ती से अनुमति लिया जाना आवश्यक है। इसके उल्लंघन के लिए पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत पावर जेनरेशन एवं परिवहन ठेकेदार पर तत्काल अभियोजन की कार्रवाई करने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है। क्षेत्रीय कार्यालय की अनापत्ति उपरांत ग्राम पंचायत बेल्हाडीह एवं आसपास के ग्रामीणों में अत्यधिक आक्रोश उत्पन्न हो गया है, क्योंकि उक्त बंद पड़ी खदान से आसपास के कृषकों की कृषि जमीन करीब 100 एकड़ अपनी फसल हेतु निस्तारी होती है जिससे जल संरक्षण भी प्रभावित हो रहा है। जबकि ग्राम का वाटर लेवल बहुत नीचे जा चुका है। ऐसी स्थिति में बंद पड़ी खदान को पाटे जाने का निर्णय पूर्णतः गलत है। फ्लाई एस के पाटे जाने से अनेक परेशानियों एवं कठिनाई उत्पन्न होगी। गांव का पीने योग्य पानी दूषित हो चुका है जिससे गांव में आक्रोश की स्थिति निर्मित होती जा रही है और मामला वाद विवाद एवं मारपीट की स्थिति में भी पहुंच चुका है। इस संबंध में पूर्व में भी ग्रामीणों ने इस संबंध में शिकायत की थी। ग्रामीणों के द्वारा जो शिकायत की गई है उसके अनुसार उद्योग द्वारा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली के जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। साथ ही फ्लाई ऐश परिवहन हेतु प्रयुक्त होने वाले वाहनों में जीपीएस सिस्टम नहीं लगाया जा रहा है और ट्रांसपोर्टर स्वयं के लाभ के लिए निश्चित स्थान के अलावा अन्य जगहों पर पैसे लेकर अनाधिकृत राखड़ सड़कों के अगल-बगल में डाल रहे हैं। जिससे सड़कों में डस्ट उड़ रही है और आम जनता को विभिन्न प्रकार की बीमारी फैलने की आशंका बढ़ रही है। फ्लाई ऐश का परिवहन तारपोलिन से पूर्णतः कवर वाहनों द्वारा नहीं किया जा रहा है।



**खास बात**

- अनापत्ति को निरस्त कर पिकनिक स्पॉट बनाए जाने की मांग

**महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता था संचालन**

# श्रमिक बाहुल्य बस्ती में अब नजर नहीं आते झूला घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के श्रमिक बाहुल्य बस्तियों में कामकाजी महिला पुरुष के बच्चों के लिए महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित किये जाने वाला झूला घर अब नजर नहीं आता।

विभाग की यह योजना स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से संचालित की जाती थी। जो अब बंद पड़ी हुई है। झूलाघर से कामकाजी महिला पुरष के बच्चों को पोषण आहार के साथ मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराए जाते थे। शहर के श्रमिक बाहुल्य बस्तियां जहां आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है ऐसे श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र के कामकाजी महिला पुरुष के बच्चों को घर जैसा महौल देने जिसमें पोषण आहार मनोरंजन के लिए खेलकूद के साधन उपलब्ध कराने हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से श्रमिक बाहुल्य बस्ती में झूला घर का संचालन महिला बाल विकास विभाग के द्वारा किया जाता था। जिसके लिए स्वयं सेवी संस्थाओं को विभाग के माध्यम से सरकार के द्वारा स्वीकृत राशि भी प्रदान की जाती थी। झूलाघर का संचालन सीतामणी बस्ती से लेकर शहर के मुड़ापार रामपुर बस्ती और पथर्रीपारा बस्ती में किया जाता था। इनके अलावा नगर निगम के बालको जोन अंतर्गत भदरापारा, पाड़ीमार, परसाभांठा इन तीन श्रमिक बाहुल्य बस्ती में संचालन स्वयं सेवी संस्थाएं किया करती थी। जहां कामकाजी महिला पुरुष के बच्चों का पंजीयन कराने के साथ यूनिसेफ के द्वारा दी जाने वाली सभी तरह के पूरक पोषण आहार भी प्रदान किए जाते थे। किंतु अब ये झूलाघर बंद कर दिए गए हैं।

इसके पीछे विभाग के द्वारा यह कारण बताया गया कि श्रमिक बाहुल्य बस्ती में नया आंगनबाड़ी केंद्र शुरु होने के बाद झूला घर के संचालन का कोई औचित्य नहीं है।



फाइल फोटो

# तीन परीक्षा केंद्रों पर हुई नीट यूजी की परीक्षा, 1704 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली (एनटीए) द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट (यूजी) का आयोजन जिले के तीन परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया। इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बालको, न्यू ईरा प्रोग्रेसिव स्कूल व सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में 5 मई को सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस परीक्षा में कोरबा अंचल व आसपास के क्षेत्र के पात्र 1751 परीक्षार्थियों में से 1704 परीक्षार्थी उपस्थित और 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला कोऑर्डिनेटर कैलाश पंवार ने इस परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए तीनों केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, स्टाफ सदस्यों, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों, कोरबा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारियों, समाचार प्रतिनिधियों के साथ सभी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों का आभार जताया है।



परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी।

6 MAY- CORIYA -BHOOMI-PG-3_Layout 1 5/6/2024 9:01 PM Page 1

हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 7 मई 2024



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## आज सुबह 7 बजे से होगा मतदान

# कोरिया-एमसीबी के 5 लाख से ज्यादा मतदाता आज चुनेंगे अपना सांसद


केन्द्र के लिए रवाना होते मतदान कर्मी।


मतदान सामग्री लेने मिनी स्टेडियम में भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी जिले के 5 लाख से ज्यादा मतदाता अपने कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए सांसद का चुनाव करेंगे। 7 मई को सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरु होगी। विदित हो कि यहां भाजपा-कांग्रेस समेत कुल 27 प्रत्याशी चुनावी मैदान हैं।

लोकसभा क्षेत्र के लिए मुख्य मुकाबला भाजपा की प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय और कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत के बीच ही तय माना जा रहा है। कोरबा लोकसभा संसदीय सीट में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। 6 मई को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला बैकुंठपुर से बैकुंठपुर विधानसभा के अंतर्गत 278 तथा सोनहत (आंशिक) विधानसभा के अंतर्गत 78 मतदान केन्द्रों के मतदान अधिकारियों को कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह विधिवत पूजा कर, दूरस्थ मतदान केन्द्रों के मतदान दलों के अधिकारियों व वाहनों को सुबह 9.10 बजे मिठाई खिलाकर रवाना किए। इसी तरह महिलाओं के नेतृत्व में संचालित होने वाले संगवारी मतदान दलों को लेकर जाने वाले वाहनों को लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मतदान अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रेक्षक श्री पगारे तथा कलेक्टर श्री लंगेह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतदान के ⏭ शेष पेज 4 पर

### मतदान दलों का ग्रामीणों ने की स्वागत

आदर्श मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला सलगवां कला, छिंगुरा, जोगिया, पटना, अमला, रनई, महोरा, अंगा, चरचा आदि मतदान केन्द्रों में मतदान दलों का ढोल-नगाड़े, बाजे, रुली चंदन, गुलदस्ता, पुष्प गुच्छ एवं माला भेंट कर स्वागत किया गया। मतदान केन्द्रों में पानी,छांव व विश्राम कक्ष की व्यवस्था की गई है।

### मतदान केन्द्रों में मतदान दल सकुशल पहुंचे

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह सुबह से मतदान दलों को वितरित किए जा रहे मतदान सामग्री वितरण कार्यों का लगातार निरीक्षण करते रहे। सामग्री वितरण परिसर में मतदान अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए कूलर, पंखा, पानी की व्यवस्था की गई थी। मतदान सामग्री लेकर निकले मतदान दल के अधिकारी अपने-अपने मतदान केन्द्रों में सकुशल पहुंच चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### कोरिया के वन कर्मियों को डाकमत जारी

**बैकुण्ठपुर।** जिले के डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया वन विभाग से डाक मतपत्र के लिए कुल 31, फॉर्म-12 प्राप्त हुए हैं, इसमें से 14 आवेदन मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से संबंधित हैं, जिसे डाक एवं वाट्सएप्प दोनों माध्यम से संबंधित जिले को भेजा जा चुका है तथा 17 आवेदन कोरिया जिले से संबंधित हैं। वन विभाग के 12 अधिकारी-कर्मचारी जिनकी मतदान दल में ड्यूटी लगी हुई है, उन सभी को ईडीसी जारी किया जा चुका।

### योग प्रशिक्षण के लिए नि:शुल्क पंजीयन

**मनेन्द्रगढ़।** 7 मई को मतदान करने वाले मतदाताओं के लिए वार्ड नंबर 10 अग्रवाल लॉज रोड स्थित पंतजलि योग और प्राणायाम प्रशिक्षण केन्द्र में नि:शुल्क पंजीयन केन्द्र बनाया गया है। अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार वरिष्ठ योग गुरु सतीश उपाध्याय उन समस्त महिला और पुरूष मतदाताओं का नि:शुल्क पंजीयन करेंगे, जो मतदान के पश्चात अपनी उंगली में अमिट स्याही दिखलाएंगे। बुजुर्ग एवं निशक्त मतदाताओं को घर पर ही तीन दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण की भी सुविधा रखी गई है। पंजीकृत मतदाताओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रात: 6 बजे सरस्वती शिशु मंदिर के खेल प्रांगण में 20 से 23 मई तक आयोजित किया जाएगा।






BILASPUR: AGRASEN CHOWK, LINK ROAD, IN FRONT OF RAGHURAJ SINGH STADIUM
DURG: SANTRA BADI, STATION ROAD
RAIPUR: BESIDE AXIS BANK, JEEVAN BIMA MARG, PANDRI
Follow us on shreeshivamclothing shree_shivam 7222955555 Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

6-MAY- CORIYA -BHOOMI-PG-4_Layout 1 5/6/2024 10:25 PM Page 1






## खबर संक्षेप

### 382 मतदाताओं ने डाक मतपत्र से किया मतदान

**बैकुण्ठपुर।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 03 बैकुंठपुर में अनिवार्य सेवा, पुलिस बल, नगर सैनिक, वन विभाग के कर्मचारी-अधिकारी द्वारा सुविधा केन्द्रों पर उपस्थित होकर एवं होम वोटिंग के दौरान डाक मतपत्र द्वारा मतदान कराया गया। निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारी-कर्मचारियों को कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किया गया है। पुलिस विभाग, नगर सैनिक, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग तथा अन्य जिला के फार्म 12 तथा 85 वर्ष व उससे अधिक उम्र के मतदाता एवं 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को फार्म 12 घ.डी कुल 468 पोस्टल बैलेट जारी की गई थी। जिसमें से 382 मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र द्वारा मतदान किए गए हैं तथा 975 मतदान दलों को ईडीसी जारी की गई है।

### जिले के 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में सीसीटीवी द्वारा रखी जा रही है निगरानी

**सूरजपुर।** लोक सभा निर्वाचन को निष्पक्ष निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में सीसीटीवी द्वारा निगरानी रखा जा रहा है जिसका ऑनलाइन निगरानी जिले में स्थापित वेबकास्ट कंट्रोल रूम से किया जाएगा। जिले द्वारा दो पाली में मतदान केंद्रों के सतत निगरानी हेतु दल गठन किया गया है, जिसकी प्रशिक्षण जिला कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुआ। सीसीटीवी निगरानी दल को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कंट्रोल रूम में मॉनिटर करने को बताया गया। जिले के कुल 728 मतदान केंद्रों का 50 प्रतिशत यानी 364 मतदान केंद्रों का सीसीटीवी द्वारा निगरानी किया जा रहा है।

### हज यात्रियों की सूची राज्य कमेटी में 8 मई तक जमा करने के निर्देश

**बिश्रामपुर।** प्रायवेट हज टूर्स ऑपरेटर्स राज्य से जाने वाले हज यात्रियों की सूची 8 मई को राज्य हज कमेटी कार्यालय रायपुर में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी डॉ. एसए फारूकी ने एक आदेश जारी कर प्रायवेट हज टूर ऑपरेटर्स राज्य से जाने वाले हज यात्रियों की सूची 8 मई तक छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी कार्यालय रायपुर में अनिवार्य रूप से जमा कराने की बात कही है। राज्य हज कमेटी पूर्व जिला प्रभारी मो. इसराईल ने बताया कि जो प्रायवेट ऑपरेटर्स हज टूर के माध्यम से फार्म भरवाएं गए, उन फार्मों को हज कमेटी कार्यालय रायपुर में 8 मई को हज यात्रियों की सूची जमा कर दें।

### पानी विवाद पर ननंद व भाभी में मारपीट, काउंटर अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** पानी को लेकर शुरू हुए विवाद पर ननंद व भाभी में हुए मारपीट मामले में पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सिलफिली निवासी 25 वर्षीय रोशनी यादव पति मटुकधारी कुशवाहा का रविवार को पानी भरने को लेकर सावित्री कुशवाहा पिता शिवलाल कुशवाहा के साथ विवाद हो गया था।

### चुनाव को लेकर कोरिया पुलिस ने केन्द्रीय रिजर्व फोर्स के साथ परेड

# कलेक्टर-एसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकसभा निर्वाचन के लिए 7 मई को मतदान किया जाना है। इसके लिए छग के बैकुंठपुर और सोनहत क्षेत्र में मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर कोरिया पुलिस पर बड़ी जिम्मेदारी है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए रविवार को पुलिस ने केन्द्रीय रिजर्व फोर्स के साथ जिलेभर में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को संदेश दिया कि वे भयमुक्त होकर वोट करें।

फ्लैग मार्च से पूर्व रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर ग्राउंड में सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी एकत्रित हुए, जहां एसपी सूरज सिंह परिहार ने सुरक्षा के संबंध में जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि चुनाव को प्रभावित करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाए। चुनाव को भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने की जिम्मेदारी आप सभी पर कुछ ज्यादा है। एसपी श्री परिहार ने कहा कि इस फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस की ताकत दिखनी चाहिए। लोकसभा चुनाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस फोर्स का डर बना रहे। भयमुक्त माहौल में मतदान करना पुलिस का सबसे बड़ा कर्तव्य है। इसी मंशा से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं एसपी सूरज सिंह परिहार के नेतृत्व में 5 मई की सायं 6 बजे रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर से पैदल मार्च प्रारंभ कर बैकुंठपुर शहर के फव्वारा तिराहा, कुमार चौक, बाजार मार्ग, बिजली ऑफिस तिराहा, शर्मा तिराहा होते हुए महलपारा रोड, महलपारा तिराहा, नगर पालिका के सामने से रामानुज मिनी स्टेडियम ग्राउंड पहुंची।



## भविष्य की ओर उन्मुख हुए परीक्षार्थी और मनेन्द्रगढ़ ने रच डाला इतिहास

**मनेन्द्रगढ़।** आज देशभर में राष्टीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित एनईईटी, यूजी अर्थात मेडिकल प्रवेश परीक्षा थी। मनेन्द्रगढ़ के इतिहास में पहली बार राष्टीय स्तर की कोई परीक्षा हुई और परीक्षा का केन्द्र चयनित किया गया।

शहर के सुप्रसिद्ध दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को, जहां कुल 543 परीक्षार्थियों की सीट आवंटित थी। परीक्षा का आयोजन बड़े ही व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक किया गया। परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार से लेकर परीक्षा कक्ष तक की व्यवस्था उच्च सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर की गई थी। इस ऐतिहासिक आयोजन में जिला प्रशासन तथा जिला पुलिस बल का भी भरपूर सहयोग रहा। किसी भी परीक्षार्थी को किसी तरह की कोई असुविधा ना हो और वे सुविधाजनक तरीके से परीक्षा दें सके, इसका पूरा ख्याल रखा गया। सभी निर्देशों का पालन करते हुए यह परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू हुई और अपने समयानुसार शाम 5:20 पर खत्म हुई। परीक्षा उपरांत सभी परीक्षार्थियों के चेहरे पर हर्ष के भाव थे। गौरतलब है कि विद्यालय के प्राचार्य डॉ.बसंत कुमार तिवारी भारत सरकार के राष्टीय परीक्षा एजेंसी की ओर से जिला समन्वयक तथा केन्द्राधीक्षक नियुक्त किए गए हैं। उनके व्यक्तिगत देखरेख में ही इस राष्ट स्तरीय परीक्षा संबंधित सभी कार्य सुचारु रूप से संपूर्ण किए गए।

## कलेक्टर व सीईओ ने मतदान दलों को मुंह मीठा कराकर किया रवाना



**बैकुंठपुर।** कोरबा लोकसभा निर्वाचन के तहत बैकुंठपुर विधानसभा एवं सोनहत (आंशिक) के मतदान केन्द्रों के लिए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, एसडीएम राकेश साहू व जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मतदान दलों के वाहनों को सोमवार को शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक स्कूल बैकुंठपुर से सुबह करीब 9.10 बजे विधिवत पूजा कर, श्रीफल फोड़कर, मतदान कर्मियों को मूंह मीठा कराकर रवाना किया गया। बैकुंठपुर विकासखंड में 228 एवं सोनहत (आंशिक) में 78 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 7 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक इन मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर व सीईओ सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने मतदान दलों व सुरक्षा कर्मियों को जिम्मेदारी पूर्वक निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण मतदान कराने कहा और यात्रा मंगलमय की शुभकामनाएं दिए।



### मतदान दलों का जोशिला स्वागत

मतदान दल के पहुंचने पर कई पोलिंग बूथ में शानदार नजारा देखने को मिला ,जहां ग्रामवासियों के द्वारा बेहद ही खूबसूरत अंदाज में पोलिंग पार्टी का स्वागत किया गया। स्वागत का यह नजारा देख निश्चित रूप से ऐसा लग रहा है जैसे कि सभी बढ़-चढ़कर इस महापर्व में शामिल होने के लिए आतुर हैं। ऐसा ही एक मनमोहक नजारा जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से 10 किमी दूर ग्राम पंचायत महोरा के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रांगण में पहुंचे मतदान दलों का स्वागत देखने को मिला। स्वागत के दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत की सचिव जूही गुप्ता, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश सिंह, स्वास्थ्य विभाग से पुरुष एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता दीपक पांडेय, सुश्री रीता राजवाड़े आदि शामिल थे।



### 10 केन्द्र बने संगवारी बूथ

महिलाओं के नेतृत्व में संचालित होने वाले संगवारी मतदान दलों को पूरे उत्साह के साथ रवाना किया गया। मतदान दलों को लेकर जाने वाले वाहन को लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संगवारी मतदान केन्द्रों में नियोजित अधिकारी-कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए प्रेक्षक श्री पगारे एवं कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि आप सब पूरी निष्पक्षता के साथ निर्भीक होकर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएं।

## हास्य योग एवं सम्मान समारोह मनेन्द्रगढ़ में




कार्यक्रम का प्रतिनिधित्व करते पदाधिकारी।



समारोह में उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

विश्व हास्य दिवस के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ हास्य योग सेवा समिति के द्वारा हास्य योग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था सचिव आरपी त्रिपाठी के स्वागत भाषण से हुआ, इसके बाद युवा योग प्रशिक्षक पतंजलि के विवेक तिवारी द्वारा योग के कुछ ऐसे आसनों की प्रस्तुति की गई कि उपस्थिति जन समूह दांतो तले ऊंगली दबाने को मजबूर हो गया।

संस्था संचालक प्रेम गुप्ता, मिलन ताम्रकार, सुंदरलाल दुग्गड़ एवं अध्यक्ष जसबीर कालरा, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता एवं सदस्य प्रदीप ताम्रकार, शुभांकर,अशोक पोद्दार, अशोक अग्रवाल, श्रीमती नीलम कालरा, श्रीमती माया अग्रवाल के द्वारा अथितियों सतीश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष पतंजलि योग समिति, श्रीमती बलबीर कौर अध्यक्ष पतंजलि योग समिति, युवा योग प्रशिक्षक विवेक तिवारी, साहित्यकार एवं कवि वीरेन्द्र श्रीवास्तव व्यंगकार एवं कार्टूनिस्ट जगदीश पाठक, सभी का प्रतीक चिन्ह से सम्मानित एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। संस्था के नवीन सदस्यों कोमल साहू, नारेन्द्र श्रीवास्तव, कमला राम प्रजापति, कमला सिंह यादव का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और संस्था में जुड़ने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य प्रभात वर्मा ने हास्य योग की कला से लोगों को अवगत कराया। किशन लाल अग्रवाल के चुटकुलों ने और संस्था अध्यक्ष जसबीर कालरा की मनोरंजक बातों ने लोगों को हंसाया। युवा कवि गौरव अग्रवाल की कविताओं ने मंत्र मुग्ध कर दिया। अथिति रामचरित द्विवेदी ने अपनी कविताओं से बहुत वाहवाही बटोरी। जसबीर रैना का मधुर गीत एवं अथिति राजेन्द्र जैन की कविता ने लोगों को बहुत मनोरंजन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्था सदस्य वेद प्रकाश पाण्डेय ने किया।

## कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर


लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। मतदान के लिए जिले के पोलिंग बूथों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है जबकि मतदान सामग्री वितरण को लेकर भी तैयारियां चल रही है।



इस बीच जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील ने लाइवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा संबंधी दृष्टिकोण से सभी प्रबंधों का बारीकी से अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों द्वारा स्ट्रांग रूम की जा रही निगरानी का जायजा भी लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान के लिए सामग्री वितरण और संग्रहण किए जाने की व्यवस्था को लेकर आवश्यक चर्चा कर सभी व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधित सभी कार्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार व्यवस्थित ढंग से होना चाहिए। साथ ही उन्होंने निर्बाध बिजली व्यवस्था, पेयजल, परिसर में आवश्यक मेडिकल टीम रखने निर्देशित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित श्रीवास्तव, सहायक रिटर्निंग अधिकारी रामानुजगंज देवेंद्र प्रधान, अनुविभागीय अधिकारी सहित निर्वाचन संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद रहे ।

### ट्रैक्टर से उछल कर गिरे मजदूर की वाहन के नीचे दबने से मौत

**अम्बिकापुर।** कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम कृष्णनगर निवासी राजू राम यादव आ. बोधन राम (28 वर्ष) शुक्रवार को प्लांट में काम करने गया था। रात लगभग 10 बजे ग्राम जोकापाठ से पानी टैंकर ट्रैक्टर में पानी भर कर बाडी चलगली जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में चालक कैलास वाहन तेज गति से चलाने लगा जिससे वाहन में बैठा राजू राम उछल कर नीचे गिर गया जिससे ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर चढ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर चालक वाहन मौके पर ही खड़ा कर फरार हो गया।




## पेज 1 का शेष

कोरिया-एमसीबी के ...

दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने सेक्टर ऑफिसर से तत्काल संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सुचारू रूप से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में मतदान दल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान दलों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान केन्द्र में निष्पक्षता, स्वतंत्र व शांतिपूर्वक निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश व प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान के अनुसार सावधानी पूर्वक मतदान कार्य संपन्न करें। उन्होंने सभी वाहन चालकों से कहा कि वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। विदित हो कि जिले में 10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन 10 मतदान केन्द्र चरचा कालरी क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 02, 03, 06, 07, 08, 09 एवं 11 तथा छरछा केन्द्र क्रमांक 32 तथा ग्राम पंचायत चेर व जनकपुर को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। इन संगवारी मतदान केन्द्रों का संचालन पीठासीन सहित अन्य सभी महिला कर्मियों द्वारा संपन्न कराई जाएगी। विदित हो कि कोरिया जिले में 2 लाख 7 हजार 292 मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 941 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 344 और तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 7 है, जबकि मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिले में 3 लाख 13 हजार 364 मतदाता हैं।

**महिलाओं में मतदान कराने दिखा गजब का उत्साह और उमंग-** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने मतदान दलों की रवानगी के पहले सीजीएसडब्ल्यूसी गोदाम चैनपुर स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण किया, इसके साथ ही दूरस्थ क्षेत्र भरतपुर-सोनहत जाने वाले वाहनों की जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को 6 मई को नियत समय पर पहुंचने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल सिदार, रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद चोपड़ा, लिंगराज सिदार, संबंधित नोडल अधिकारी मौजूद रहे। लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 04 कोरबा में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के समस्त 388 मतदान केन्द्रों में समुचित तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कोरबा लोकसभा सीट में भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, मरवाही, रामपुर, तानाखार, कटघोरा तथा कोरबा सहित कुल 8 विधानसभा क्षेत्रों के 16 लाख से अधिक मतदाता भाग लेंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ के समस्त मतदान केन्द्रों के लिए 6 मई को मतदान अधिकारी, मतदान सामग्री के साथ 3 लाख से अधिक मतदाताओं को मतदान कराने के लिए रवाना होंगे, इनके लिए जिले में 2 सहायक रिटर्निंग अधिकारी, 2 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, 6 सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, 388 बूथ लेवल अधिकारी, 39 बीएलओ सुपरवाईजर, 25 माइक्रो आब्जर्वर तथा 1940 मतदान कर्मियों को नियुक्त किया गया है। मंगलवार 7 मई को सुबह 7 बजे मतदान शुरू हो जाएगा, जो शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में 16 लाख से अधिक मतदाता हैं,जबकि मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिले में 3 लाख 13 हजार 364 मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 57 हजार 476 है, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 55 हजार 881 और तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 7 है। जिले में 37 महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र हैं। 2 मतदान केन्द्र दिव्यांग कर्मियों के द्वारा संचालित किया जाएगा। इसी प्रकार 10 मतदान केन्द्र युवा कर्मियों के लिए आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों में एक पीठासीन अधिकारी, मतदान दल अधिकारी 1,मतदान दल अधिकारी 2 एवं मतदान दल अधिकारी 3 तथा एक पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील तथा अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त बल लगाया गया है। जिले में निर्वाचन कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए केन्द्रीय सशस्त्र बल की 5 कंपनियां, 208 एमसीबी जिला पुलिस बल, 100 नगर सैनिक, 66 फारेस्ट गार्ड, 201 कोटवार तथा 27 सुरक्षा बल एसईसीएल से लगाए गए हैं। जिले के दोनों विधानसभा के 388 मतदान केन्द्रों के लिए 46 बस 52 सीटर, 38 बस 42 सीटर, 8 बस 36 सीटर, 29 बस 32 सीटर, 11 बस 24 सीटर, 4 बस 16 सीटर, 30 पिकअप तथा 15 बोलेरो गाड़ी सहित कुल 181 गाड़ियों द्वारा मतदान केन्द्र के लिए भेजा गया है। मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में छाया, पानी, कूलर, पंखा, व्हील चेयर, विश्राम कक्ष सहित दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदाता मित्र की सुविधा मुहैया कराई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मतदान दलों एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए मेडिकल कीट उपलब्ध कराया गया है।

**ये 27 प्रत्याशी हैं कोरबा लोकसभा के चुनावी मैदान में-** जानकारी के अनुसार श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत इंडियन नेशनल कांग्रेस, दूजराम बौद्ध बहुजन समाज पार्टी, सरोज पाण्डेय भारतीय जनता पार्टी, कमल देव भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, प्रशांत डेनियल सर्व आदि दल, प्रियंका पटेल रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (ए), रेखा तिवारी छग गंगा राष्टीय पार्टी, श्याम सिंह मरकाम गोंडवाना गणतंत्र पाटी, सुशील कुमार विश्वकर्मा भारतीय जनता सेक्यूलर पार्टी, अमरीका करपे निर्दलीय, कल्याण सिंह तंवर निर्दलीय, राजगुरू केवल गोस्वामी निर्दलीय, कौशल्या बाई पोर्ते निर्दलीय, जयचंद्र सोनपाकर निर्दलीय, दिलीप मिरी निर्दलीय, निर्दोष कुमार यादव निर्दलीय, पालन सिंह निर्दलीय, पुरूषोत्तम मानिकपुरी निर्दलीय, प्रताप भानू निर्दलीय, महेन्द्र कुमार श्रीवास (मंजू)निर्दलीय, रमेश दास महंत निर्दलीय, राजेश पाण्डेय निर्दलीय, शांति बाई मारावी निर्दलीय, शिवपूजन सिंह निर्दलीय, शेख रउफ निर्दलीय, शोबरन सिंह सैमा निर्दलीय तथा संतोष शर्मा निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

**मतदाताओं को इपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्र की सुविधा-** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता के लिए दिशा-निर्देश जारी कर इपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने संबंद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं, जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्डके माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

केन्द्रीय विद्यालय बैकुण्ठपुर
KENDRIYA VIDYALAYA BAIKUNTHPUR
रामपुर, पोस्ट- बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.)- 497335
Rampur, Post- Baikunthpur, Dist.- Korea (C.G.)- 497335
फोन नं. Phone No. 07836 232266
ई-मेल/ E-mail baikunthpurkv@gmail.com
वेबसाइट Website- https://seclbaikuntpur.kvs.ac.in/

प्रवेश सूचना 2024-25

केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर के कक्षा बालवाटिका 3 में अनुसूचित जाति (SC) हेतु आरक्षित एक रिक्त स्थान में प्रवेश हेतु पंजीकरण (ऑफलाइन मोड) दिनांक 08 .05 .2024 प्रात: 09 .30 बजे से दिनांक 15 .05 .2024 दोपहर 01:30 बजे तक किया जा सकेगा। प्रवेश हेतु पंजीयन फॉर्म एवं विस्तृत जानकारी के लिये विद्यालय की वेबसाइट https://seclbaikuntpur.kvs.ac.in/ देखें। पंजीयन फॉर्म विद्यालय से निर्धारित समय में प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्णतया भरा हुआ पंजीयन फार्म (समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित) आप विद्यालय आकर दिनांक 15 .05 .2024 दोपहर 01:30 तक जमा कर सकते हैं।

प्राचार्य

